<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये केन्द्रीय राज्य मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता पंकज चौधरी ने कल लखनऊ में किया नामांकन। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल आज करेंगे प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा।
- अयोध्या में इकतीस दिसंबर को होगा प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कार्यक्रम में होंगे शामिल ।
- वाराणसी में धूमधाम से मनाई गयी श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नवीकरण की चौथी वर्षगांठ। काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत हुए विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक आयोजन।
- लखनऊ में 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर–17 एथलेटिक्स चौंपियनशिप–2025 का हुआ शुभारंभ। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहीं देश भर से आयीं इकतालीस टीमें।

**********

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कल पार्टी के लखनऊ कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक उनके प्रस्तावक रहे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े तथा प्रदेश संगठन के चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्र नाथ पाण्डेय ने श्री चौधरी का नामांकन स्वीकार किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये उत्साह पूर्वक चुनाव संपन्न हुआ है और इस पद के लिये केवल एक नामांकन हुआ है।

(बाइट–स्वतंत्र देव सिंह)3

***भारतीय जनता पार्टी जो चुनाव की अपना प्रक्रिया है, बूथ का चुनाव, मंडल का चुनाव, जिला का चुनाव फिर प्रदेश का चुनाव। प्रदेश का चुनाव संपन्न हुआ है और उत्साहजनक संपन्न हुआ है और लोग उत्साहित भी हैं और एक नामांकन हुआ है।***

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो वाजपेयी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल आज प्रदेश अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे।

**********

अयोध्या में श्रीराम मंदिर परिसर में प्रभु रामलला के विराजमान होने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन 31 दिसम्बर को किया जायेगा। इस सम्बन्ध में कल हुयी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर 27 से 31 दिसम्बर तक पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे।

वहीं श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में बाउंड्री वॉल के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। इस बाउंड्री वॉल में कुल 25 वॉच टावर बनाए जाएंगे।

***हमारे जनरल सेक्रेटरी साहब श्री चंपत राय जी विशेष रूप से बैठक में उपस्थित थे और उनके समक्ष पूरा प्रस्ताव बताया गया। उन्होंने भी देखा, उन्होंने अपनी सहमति दे दी है। अब बहुत ही गति से बाउंड्री वाल का कार्य किया जाए।***

**********

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना चरण की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर 2025 तक बढ़ा दी गई है। प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर अभियान के दौरान किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट न जाएं, इसके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निदेशित किया गया है। उन्हें कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6 तथा घोषणा–पत्र के प्रति की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे मतदाता जो अपने पूर्व पते से स्थानांतरित होने के कारण अपना गणना प्रपत्र नहीं भर सके हैं, उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फॉर्म–6 भरना होगा। वाराणसी के जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा समय बढ़ाये जाने से पुनः गहन जांच का अवसर मिल गया है।

***वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अभी इन्यूमरेशन का फेज चल रहा है। इन्यूमरेशन के फेज में वोटर लिस्ट में जितने भी लोग हैं, मतदाता हैं उन सब के गणना प्रपत्र बीएलओ के द्वारा उनके घरों तक पहुंचाए गए हैं और उनके द्वारा वह फॉर्म भरकर वापस किया गया है। जितने भी बीएलओ हैं, उनके द्वारा सभी घरों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से कल लखनऊ में भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश कैडर के 23 प्रशिक्षु अधिकारियों तथा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के पांच अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि पुलिस सेवा केवल कानून–व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का एक व्यापक दायित्व है।

**********

श्री काशी विश्वनाथ धाम के नवीनीकरण की कल चौथी वर्षगांठ मनायी गयी। इस अवसर पर वैदिक विधि से मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वनाथ की आराधना की गयी। वर्षगांठ पर परम्परानुसार उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और शिव बारात समिति के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति को समर्पित भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

**********

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के अंतर्गत वाराणसी में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक आयोजन किए जा रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***काशी तमिल संगमम् में तमिलनाडु से आया छठवां महिलाओं का दल हनुमानघाट पहुंचा। जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां का पूजा पाठ करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। गंगा स्नान के बाद समूह ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। सभी लोगों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता, भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद काशी हिंदू विश्वविद्यालय में समृद्ध नारी–समृद्ध भार शैक्षणिक सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र में भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका पर गहन विमर्श किया गया। यह शैक्षणिक सत्र काशी तमिल संगमम 4.0 के मूल संदेश की पुनः पुष्टि करता है कि भारत का उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और नेतृत्व से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

**********

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से कल लखनऊ के सूचना निदेशालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिलों और मुख्यालय के अधिकारियों ने भागीदारी की। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए निदेशक सूचना विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुंचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सूचना विभाग के ऊर्जा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया।

**********

आई.एस.आई.एस से जुड़े एक मॉड्यूल से संबंधित साकिब नाचन मामले की चल रही जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने देश के कई जिलों में 40 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इन जिलों में मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, हजारीबाग, दमन और रत्नागिरी के साथ प्रदेश का प्रयागराज जिला भी शामिल रहा। तलाशी अभियानों के दौरान नौ करोड 70 लाख रूपये से अधिक की चल संपत्ति, स्वर्ण आभूषण और गोल्ड बुलियन जब्त और बरामद किए गए हैं।

**********

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल अयोध्या पहुंच कर सपरिवार श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किया। वह पूजा अर्चना के लिये श्री रामलला मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी, दशरथ महल और कनक भवन भी गये। दर्शन–पूजन के बाद उन्होंने कहा–

***अयोध्या की पावन धरती पर मुझे सपरिवार आने का मौका मिला। इसके लिए मैं भगवान श्रीराम का अत्यंत आभारी और कृतज्ञ हूं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला विराजमान के दर्शन मैंने मेरी पत्नी और मेरे माता–पिता ने भी किए और यह सौभाग्य भी हमें प्राप्त हुआ। भगवान की असीम अनुकंपा है। जय भारत जय हिंद।***

**********

सिद्धार्थनगर जिले में कल जिलास्तरीय रबो उत्पादकता गोष्ठी एवं तिलहन मेला–2025 का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र के विकास के लिये नवाचार और तकनीक पर बल दे रही है।

**********

लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर–17 एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 का कल शुभारंभ हुआ। 13 से 17 दिसंबर तक चलने वाली इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर से 41 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें एक हजार 594 एथलीट और 221 कोच व मैनेजर शामिल हैं।

**********